राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने अभिवंचित वर्ग एवं अत्यन्त गरीब लोगों के बीच कम्बलों का वितरण किया

पटना, 07 जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज राजेन्द्र भवन स्थित राजेन्द्र मंडप में रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच के तत्त्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज के अभिवंचित एवं अत्यन्त गरीब वर्ग की 500 से भी अधिक महिलाओं, वृद्धों आदि के बीच कम्बलों का वितरण किया।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के चेयरमैन डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा को निदेशित किया कि वे हर जिले की तंग बस्तियों में गरीबों के बीच इस कड़ाके की ठंढ़ में कम्बल–वितरण के कार्यक्रम सम्पन्न कराने की व्यवस्था करायें।

राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी को गरीबों के लिए स्वास्थ्य–परीक्षण –शिविरें, नेत्र–चिकित्सा–शिविरें आदि कार्यक्रम भी प्रत्येक सप्ताह आयोजित करना चाहिए। राज्यपाल ने पटना में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आई॰ हॉस्पीटल बनवाये जाने के निर्णय की प्रशंसा की। उन्होंने राजधानी पटना सहित विभिन्न जिलों में कम्बल–वितरण के कार्य को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय बनाकर सुनिश्चित कराने का निदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों को दिया।

राजभवन में आयोजित आज के कम्बल–वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के उपाध्यक्ष श्री उदयशंकर प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जायसवाल, बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद् के उपाध्यक्ष श्री अजित कुमार सिंह सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी वरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....